
# साइंस सेंटर की सैर



# साइंस सेंटर की सैर





हम लोग साइंस सेंटर की सैर के लिए जा रहे हैं.

हम बेहद उत्सुक हैं और उसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.

वहां बहुत कुछ देखने, करने और सीखने को है.


वहां पर हम साइंस के मॉडल्स को छूकर देख सकते है.

वास्तव में विज्ञान क्या है? हम यह जान सकते हैं.

साइंस सेंटर अपने सारे मॉडल और सामान कहां
से लाता है?

वैज्ञानिक कैसे काम करते हैं?

साइंस सेंटर में आपका स्वागत है! मैं मारिया हूं, और आज मैं आपको साइंस सेंटर दिखाऊंगी. आप लोग अंदर आएं. आप यहाँ ऐसी किसी भी चीज़ को छू सकते हो जिसके चारों ओर रेलिंग न हो. असल में विज्ञान छूने, करने और समझने के बारे में है!





एक साइंस सेंटर को कभी-कभी विज्ञान संग्रहालय भी कहा जाता है. साइंस सेंटर या संग्रहालय में कई मॉडल्स को आप हाथों से चलाकर देख सकते हैं. इसका मतलब है कि दर्शक इन वस्तुओं को छू सकते हैं और उनके साथ खेल सकते हैं. साइंस सेंटर के मुकाबले आर्ट और इतिहास के संग्रहालय कुछ अलग होते हैं. वहां पर प्राचीन, मूल्यवान वस्तुएं होती हैं और उन्हें आसानी से नुक्सान पहुँच सकता है. वहां लोग उन प्रदर्शनियों को दिख सकते हैं परन्तु उन्हें छू नहीं सकते हैं.

विज्ञान में चीज़ों का परीक्षण, माप, और उन पर प्रयोग करना शामिल होता है. इस प्रकार के अध्ययन को शोध, यानि रिसर्च कहते हैं. वैज्ञानिक, मानव और अन्य जीवों, पौधों, पृथ्वी आदि का अध्ययन करते हैं. वे गुरुत्वाकर्षण और चुंबकत्व जैसे प्राकृतिक बलों के बारे में सीखते हैं. वे बाहरी अंतरिक्ष में मौसम और वस्तुओं का अध्ययन करते हैं. वैज्ञानिक, लोगों के लिए कंप्यूटर, चिकित्सा और अंतरिक्ष-शटल जैसी आश्चर्यजनक चीजें बनाने में मदद करते हैं.





कुछ विज्ञान केंद्रों में वैज्ञानिक एक्सहिबिट्स और जानकारी को, प्रदर्शनी के लिए तैयार करने में मदद करते हैं. अक्सर विज्ञान सेंटर अन्य केंद्रों या संग्रहालयों के साथ अपनी प्रदर्शनियों की अदला-बदली करते हैं. कभी-कभी लोग अपने खजाने को विज्ञान केंद्र को भेंट कर देते हैं. फिर म्यूज़ियम में विशेष ज्ञान और कुशलता वाले लोग उनके बारे में और अधिक जानकारी इकट्ठा करते हैं और उनके डिस्प्ले मॉडल बनाते हैं. वे वैज्ञानिकों की मदद से नए-नए मॉडल या प्रदर्शनियां भी डिजाइन और निर्माण करते हैं.

कुछ वैज्ञानिक पुरानी चीजों का अध्ययन करते हैं, जैसे डायनासोर का. यह डिप्लोडोकस डायनोसोर है. वो कितना भयानक है? डायनासोर पृथ्वी से लगभग 65 मिलियन साल पहले लुप्त हो गए थे. यहाँ हमारा दोस्त बहुत विशाल — और बहुत पुराना है!



जीवाश्म बहुत पुराने होते हैं. वे हड्डी, दांत या पंजे, या पत्थरों में पैरों के निशान हो सकते हैं. जमीन में से डायनासोर के जीवाश्मों को निकालते समय वैज्ञानिक बहुत सावधानी बरतते हैं. इस गतिविधि को जीवाश्म खुदाई कहा जाता है. पूरी दुनिया भर में, डायनासोर के जीवाश्म पाए गए हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका में, कोलोराडो, मोंटाना, उटाह और व्योमिंग में डिप्लोडोकस डायनासोर के जीवाश्म पाए गए हैं.

कुछ वैज्ञानिक अध्ययन करके नई चीजें बनाने में मदद करते हैं. यह खेल (स्पोर्ट्स) विज्ञान का हाल है. क्या तुम्हें पता है कि खेल उपकरण बनाने और एक तेज़ एथलीट बनने में विज्ञान का बहुत उपयोग होता है? यहाँ पर तुम सभी प्रकार के खेलों में अपने कौशल को आज़मा सकते हो. तुम खुद के पैराशूट, कागज हवाई जहाज, या रोलर कोस्टर डिज़ाइन करके उनका परीक्षण कर सकते हो!






कुछ वैज्ञानिक ऐसे खेल उपकरण डिजाइन करते हैं जो बिल्कुल सही आकार, माप और वजन के हों! अच्छे एथलीट अपने खेल के बेहतर प्रदर्शन में विज्ञान की मदद लेते हैं. उदाहरण के लिए, उन्हें गुरुत्वाकर्षण और हवा के प्रभावों को जानने से मदद मिलेगी. उन्हें यह भी जानना होगा कि वो अपनी मांसपेशियों का सबसे अच्छा उपयोग कैसे करें.

हमारा शरीर बहुत अद्भुत है उसी के कारण हम खेल, खेल पाते हैं. मानव शरीर में मांसपेशियों और हड्डियों के अलावा भी और बहुत कुछ है. हमारे शरीर के अंदर बहुत कुछ चल रहा होता है! आप उन पर सूक्ष्मदर्शी के ज़रिये एक नज़र डाल सकते हैं. आप उन छोटी कोशिकाओं को देख पाएंगे जो हमारे शरीर को बनाती हैं.





चिकित्सक नई दवाओं की खोज के लिए भी विज्ञान के प्रयोग करते हैं. जब कोई बीमार पड़ता है तो लैब कर्मी उसकी बीमारी का पता लगाने के लिए परीक्षण करते हैं. विज्ञान का उपयोग सभी उद्योगों और नौकरियों में होता है. उदाहरण के लिए, शोधकर्ता रेडीमेड नाश्ते से लेकर कंप्यूटर प्रोग्राम और खिलौने डिज़ाइन करने में भी विज्ञान का प्रयोग करते हैं.

साइंस सेंटर के इस बड़े हाल में, आप समस्याओं को हल करने और चीज़ें कैसे काम करती हैं यह जानने के लिए अपने बुद्धिबल का उपयोग कर सकते हैं. यहाँ पर आप एक साधारण मशीन बना सकते हैं, या डिजाइन करके एक रॉकेट लॉन्च कर सकते हैं. आप ऐसे घर का डिज़ाइन कर सकते हैं जो तेज़ भूकंप में भी खड़ा रहे. आप प्रकाश के साथ खेलकर इंद्रधनुष बना सकते हैं. इस हाल में आपके करने लायक सैकड़ों गतिविधियां हैं.




कुछ वैज्ञानिक बिजली, चुंबकत्व और गुरुत्वाकर्षण जैसे प्राकृतिक बलों का कैसे उपयोग किया जाए वो अध्ययन करते हैं. अन्य वैज्ञानिक हवा, पानी और सूरज की रोशनी पर शोध करते हैं. कंप्यूटर वैज्ञानिकों ने अपने शोध से हमारे जीवन को काफी आसान बनाया है. उन्होंने हमारे मनोरंजन के लिए नए खेल भी डिज़ाइन किए हैं.


ज़रा सुनो, अब आप सभी लोग, भविष्य के अंतरिक्ष खोजकर्ता हो! मैं मारिया हूँ जो मिशन कंट्रोल से बोल रही हूँ. यदि आप अंतरिक्ष यात्री बनना चाहते हैं तो आप दिल लगाकर गणित और विज्ञान का अध्ययन करें. जैसा कि आप देख सकते हैं, अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने में बहुत सारी तकनीकें उपयोग में आती है. प्रौद्योगिकी उन चीजों का निर्माण करती है जिन्हें हम अपने जीवन में उपयोग कर सकते हैं.



कुछ साइंस सेंटर्स में तारामंडल भी होता है. तारामंडल में बाहरी अंतरिक्ष के चित्रों को एक अंधेरे कमरे में एक बड़ी गुंबददार छत पर दिखाया जाता है. गुंबद पर सूर्य, चंद्रमा, ग्रहों और सितारों की छवियां बिखरी हुई होती हैं. दर्शकों को ऐसा लगता है जैसे वे बाहरी अंतरिक्ष में हों.

इस थिएटर में एक विशाल स्क्रीन है जहां हम रोमांचक फिल्में दिखाते हैं जिनसे हम अपनी दुनिया के बारे में सीखते हैं. हम उच्चतम पर्वत, समुद्र में कोरल-रीफ, या फिर डॉल्फिंस सम्बन्धी फ़िल्में देख सकते हैं. क्या आप उन्हें देखना चाहेंगे? फिल्म आपको सामने नहीं, बल्कि चारों ओर दिखाई देगी.

प्रकाश काम करें!



किसी साइंस सेंटर या संग्रहालय के थिएटर का स्क्रीन बहुत बड़ा हो सकता है. वो कंप्यूटर स्क्रीन की तुलना में 4,000-गुना अधिक बड़ा हो सकता है. स्क्रीन की ऊंचाई आठ स्टोरी बिल्डिंग जितनी हो सकती है. यह स्क्रीन इतना बड़ा होगा कि आप उस पर ब्लू-व्हेल को उसके असली आकार में देख पाएंगे.

साइंस सेंटर में आने के लिए आप सभी छात्रों का हार्दिक धन्यवाद. मुझे आशा है कि आपको यहाँ विज्ञान के अद्भुत और मजेदार मॉडल देखकर मज़ा आया होगा. आपको यह भी समझ में आया होगा कि विज्ञान का हमारे जीवन में कितना अहम रोल है.



समाप्त